Title: Need for repairs and maintenance of telephone exchange in Sirli, Anola and Vishardgang, Uttar Pradesh.

श्री राजवीर सिंह (आंवला): महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र आंवला में टेलीफोन एक्सचेंज में बड़ी समस्याएं आ रही हैं, मैं उस तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वहां पर जो मशीने लगी हैं उन्हें ठीक कराया जाए और विशेष रूप से सिरौली, आंवला, विशारदगंज एक्सचेंज काम नहीं कर रहे हैं। मेरे चुनाव क्षेत्र दातारगंज में भी ठीक से काम नहीं हो रहा है। वजीरगंज में भी टेलीफोन एक्सचेंज ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इसलिए मेरा पुनः आग्रह है कि ये यथाशीघ्र ठीक कराए जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलें और उनकी कठिनाई दूर हो सके।